<u>मसौदा प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>मदुरै हवाई अड्डे पर जल्द ही 24 घंटे प्रचालन शुरू होगा</u>

नई दिल्ली .... 2024: भाविप्रा द्वारा 01 अक्टूबर, 2024 से मदुरै हवाई अड्डे पर 24 घंटे प्रचालन आरंभ करने की योजना बनाई गई है। यह अहम उपलब्धि संपर्कता बढ़ाने, निर्बाध यात्रा अनुभव प्रदान करने और क्षेत्रीय और राष्ट्रीय हवाई यातायात के विकास का समर्थन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी । इससे एयरलाइंस, गैर-अनुसूचित ऑपरेटरों, मेडिकल उड़ानों और सामान्य विमानन को विमान प्रचालन की दक्ष योजना बनाने में आसानी होगी। एयरलाइंस द्वारा मदुरै हवाई अड्डे पर बेस की योजना भी बनाई जा सकती है। इससे हवाई अड्डे की अवसंरचना और संसाधनों का प्रभावी उपयोग भी संभव होगा।

वर्तमान में मदुरै में सप्ताह में 248 उड़ानें प्रचालित हैं और यह चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, सिंगापुर, दुबई और कोलंबो जैसे शहरों से जुड़ा हुआ है। इसके अतिरिक्त, भारत के अन्य शहरों जैसे पुणे, गोवा, कोलकाता, चेन्नई, कोचीन, भुवनेश्वर, वाराणसी, जम्मू, श्रीनगर, गुवाहाटी आदि के लिए उड़ान संपर्कता की अत्यधिक मांग होती रही है। चौबीसों घंटे प्रचालन के साथ, 2024 के शीतकाल में मदुरै हवाई अड्डे के लिए साप्ताहिक निर्धारित उड़ानें लगभग 344 होने की आशा है।

प्रचालन समय बढ़ाने से ज़्यादा उड़ानें प्रचालित हो सकेगी, जिससे विशेष तौर पर लंबी दूरी के मार्गों की उड़ानों के लिए संपर्कता में सुधार होगा। इससे अधिक एयरलाइंस और रूट आकर्षित होंगे, जिससे मदुरै हवाई अड्डा अत्यधिक प्रमुख केंद्र बन जाएगा। यात्रियों के पास ज़्यादा लचीले उड़ान विकल्प होंगे, जिससे यात्रा आसान और ज़्यादा सुविधाजनक हो जाएगी। इससे यात्रियों की संतुष्टि बढ़ेगी और मदुरै में ज़्यादा यात्री आकर्षित होंगे।

अधिक उड़ानों और यात्रियों के साथ, स्थानीय व्यवसायों जैसे होटल, रेस्तरां और परिवहन सेवाओं की मांग में वृद्धि होने की संभावना है। इससे रोजगार सृजन होगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। मदुरै सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से समृद्ध है। चौबीसों घंटे प्रचालन से इस शहर में विशेषकर अलग-अलग टाइम ज़ोन से आने वाले पर्यटकों के लिए आवागमन अधिक सुलभ हो जाएगा, जिससे पर्यटन क्षेत्र के विकास में योगदान मिलेगा।

24 घंटे प्रचालन से कार्गो हैंडलिंग बेहतर होगी, जिससे लॉजिस्टिक प्रचालन अधिक दक्ष हो जाएगा। इससे हवाई माल ढुलाई पर निर्भर रहने वाले व्यवसाय आकर्षित होंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को और बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं तक बेहतर पहुंच भी मिलेगी।

24 घंटे प्रचालन शुरू होने के साथ ही मदुरै हवाई अड्डे पर रात्रि पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध हो जाएगी। इससे हवाई अड्डे को न केवल भारत के भीतर बल्कि अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए भी संपर्कता की सुविधा

मिलेगी। चूंकि अधिकांश अंतरराष्ट्रीय प्रचालक भारत से रात्रि के समय प्रचालन को वरीयता देते हैं, इसलिए 24 घंटे प्रचालन एयरलाइनों को मदुरै हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय प्रचालन पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इससे एयरलाइंस को हवाई अड्डे पर रात्रि पार्किंग की योजना बनाने और बेस फ्लाइट की योजना बनाने में भी सहायता मिलेगी।

मदुरै हवाई अड्डे को 24 घंटे प्रचालन में बदलने से यात्री सेवा को बढ़ाने, आर्थिक विकास को गति देने और समग्र प्रचालन दक्षता में सुधार करने का एक आकर्षक अवसर मिलेगा। इस परिवर्तन को अपनाकर, हवाई अड्डा देश के अग्रणी हवाईअड्डों में स्वयं को पहचान दिलवाएगा , यात्रियों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूर्ण करेगा और क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान देगा। इन विस्तारित समय को लागू करने से न केवल बढ़ते यात्रा बाजार की मांग पूरी होगी बल्कि क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र के रूप में मदुरै की आवश्यकताएं भी पूर्ण होंगी।